




## खबर संक्षेप

### दूसरी यात्रा तिरूपति के लिए आवेदन 12 तक

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले के तीर्थी यात्री के लिए जिल से दो यात्रा आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए जारी निर्देशानुसार दूसरी यात्रा तिरूपति 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक यात्री बर्थ-200 और अनुरक्षक एव सुरक्षाकर्मी-4 रहेगें। यात्रा के लिए आवेदन 12 सितम्बर तक किया जा सकता हे। डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुमार कुशवाह ने सभी सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर पालिका को निर्देश जारी किये है कि आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर यात्रा का प्रचार-प्रसार करें एवं सभी आवेदकों से निर्देशों का पालन करते हुए आवेदन लिए जावे एवं आवेदनों की सूची कलेक्ट्रेट कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराएं।

### अब तक 934.5 एमएम औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में 1 जून से 9 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 934.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 984.9 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 9 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 850.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 868.0, आष्टा में 708.0, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 984.0, बुधनी में 1308.0 तथा रेहटी में 1199.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने 75 आवेदनों पर सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 75 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कॉलोनीवासियों का सुझाव : विवादित भूमि से पहले ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में आसानी से बनाया जा सकता है एक वैकल्पिक मार्ग

# रेलवे ओवरब्रिज से काटा एक दर्जन कॉलोनियों का रास्ता, सर्विस रोड न बनने से रोजाना हो रहे हादसे !

प्रभारी मंत्री, विधायक, नगर पालिका, कलेक्टर, पीडब्ल्यूडी, ब्रिज कॉरपोरेशन सहित अनेक जगह लगाई गुहार, फिर भी नहीं मिला न्याय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समेत करीब एक दर्जन कॉलोनियों के हजारों परिवार इन दिनों भारी परेशानियों से जूझ रहे हैं। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू होते ही कॉलोनी से आने-जाने वाला मुख्य मार्ग बंद कर दिया गया है। अब लोग मजबूरी में गलत दिशा से तेज रफ्तार वाहनों के बीच अपनी गाड़ी मोड़कर घर पहुंचते हैं। यह स्थिति रोज़ाना हादसों को न्यौता दे रही है।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी,नगर सुधार न्यास, कृष्णा नगर,संतोष नगर, आजाद नगर, स्वदेश नगर,वर्मा नगर,न्यू हाउसिंग बोर्ड,शांति विहार,10 विश्वकर्मा नगर छोटा थुना और उनसे मिलने के लिए आने कॉलोनीवासियों ने बताया कि ब्रिज के बाहरी हिस्से पर समानांतर (सर्विस रोड) का निर्माण हो चुका है, लेकिन अंदरूनी हिस्से पर मात्र 50 मीटर का सर्विस रोड अभी अधूरा है। यह दूरी बेहद छोटी है और इसके लिए शासकीय अनुपयोगी भूमि भी उपलब्ध है। इसके बावजूद निर्माण न होने से हजारों लोगों की जान जोखिम में डाल दी गई है। सीहोर की 10 से ज्यादा कॉलोनियों के लिए यह सड़क जीवन रेखा है। यदि सर्विस रोड का निर्माण तुरंत नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में यह "विशेष उपहार" वास्तव में किसी बड़े हादसे का कारण बनेगा। अब वक्त है कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि समस्या का समाधान करें, ताकि कॉलोनीवासियों को सुरक्षित और सहज आवागमन मिल सके।



### जनसुनवाई से लेकर पत्राचार तक

वार्ड पार्षद प्रभा कुशवाहा ने बताया कि 22 जुलाई को कलेक्टर सीहोर को जन सुनवाई में आवेदन देकर समस्या रखी थी। इसके बाद 4 और 14 अगस्त को भी पत्र दिए गए। कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी ने ब्रिज निगम भोपाल को निर्देशित किया और निरीक्षण के लिए जेई को भेजा। लेकिन ढिलाई और कथित पक्षपात के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि अधिकारियों ने जानबूझकर समाधान टाल दिया ताकि किसी सगे-संबंधी को लाभ पहुंचाया जा सके।

### हादसों का डर, व्यापार पर असर

कॉलोनी वासियों का कहना है कि मेन रोड बंद होने से भारी वाहन कॉलोनी के अंदर प्रवेश नहीं कर पा रहे। रोज़ाना टर्निंग पर एक्सीडेंट होते-होते बचते हैं। दुकानों पर ग्राहक कम आने से व्यापार चौपट हो रहा है। कॉलोनी की सुंदरता और शांति भी प्रभावित हो चुकी है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते वैकल्पिक सर्विस रोड नहीं बना तो हादसों में जानमाल का नुकसान तय है। कॉलोनीवासियों ने सुझाव दिया है कि विवादित भूमि से पहले ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में एक वैकल्पिक मार्ग आसानी से बनाया जा सकता है। यह जमीन लंबे समय से खाली पड़ी है और इस पर कोई अतिक्रमण भी नहीं है। यदि प्रशासन इच्छाशक्ति दिखाए तो मात्र कुछ दिनों में समाधान संभव है।

**जवाब मांगते लोग :** 30 करोड़ की लागत से बने इस ओवरब्रिज का उद्देश्य था शहर को जाम और दुर्घटनाओं से मुक्ति दिलाना। लेकिन अधूरी सर्विस रोड के कारण यह राहत अब नए संकट में बदल गई है। लोग पूछ रहे हैं कि जब जमीन और संसाधन मौजूद हैं तो 50 मीटर का सर्विस रोड क्यों अधूरा है? क्या प्रशासन हादसा होने के बाद ही जागेगा?

### महिलाओं और बच्चों के लिए खतरा

कॉलोनी की महिलाएं रोजाना दफ्तर जाती हैं, बच्चों को स्कूल-ट्यूशन छोड़ने-लाने का काम करती हैं। मजबूरी में उन्हें भी तेज रफ्तार गाड़ियों के बीच से गुजरना पड़ता है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि मासूम बच्चों और युवतियों की सुरक्षा पर सीधा खतरा है। ₹हमारे बच्चों ने गाड़ी चलाना सीखा ही है, वे इस करतब जैसे रास्ते में कैसे सुरक्षित रहेंगे? यह सवाल हर घर में गूंज रहा है। निवासी इस मजबूरी को व्यंग्यात्मक अंदाज में ₹विशेष उपहार₹ कह रहे हैं। उनका कहना है कि इस रोड से गुजरना अब करतब दिखाने जैसा हो गया है। मजाक में भले लोग इसे ₹करतब रोड₹ कहें, लेकिन असल में यह समस्या हर परिवार के लिए चिंता का विषय है।

### सामूहिक संघर्ष की तैयारी

समस्या के समाधान के लिए कॉलोनीवासी अब सामूहिक आंदोलन की तैयारी में हैं। सीनियर सिटीजन आगे बढ़कर पत्राचार कर रहे हैं। विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष और प्रभारी मंत्री तक को पत्र भेजे गए हैं। अब निवासियों ने निर्णय लिया है कि सीएम हेल्पलाइन पर अधिक से अधिक शिकायतें दर्ज कराई जाएं। कॉलोनी के हर परिवार से कहा गया है कि शिकायत नंबर लेकर उसका स्क्रीनशॉट साझा करें, ताकि आंदोलन मजबूत हो।

### अधिकारियों को अवगत करा दिया है

संज्ञान में आवेदन आया है। कॉलोनी निवासी जिस स्थान एप्रोच रोड की मांग कर रहे हैं, वहां अप्रोच रोड के निर्माण होने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाएगा। इसे वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया है। जबकि वर्तमान में जिस जगह से वैकल्पिक रोड की जगह दी गई है वहां पर सड़क निर्माण होने से कॉलोनी वासियों को समस्या नहीं होना चाहिए।

**केसी वर्मा,** ब्रिज कार्पोरेशन सब इंजीनियर

### 17 सितंबर से मनाया जाएगा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

**सीहोर।** प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में आगामी 17 सितम्बर से सेवा पर्व मनाया जाएगा। सेवा पर्व का समापन 2 अक्टूबर गांधी जयंती को होगा। इस दौरान नागरिक सेवाओं और सुविधाओं की बेहतरी और इन्हें सहज रूप से नागरिकों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सेवा पर्व के आयोजन के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिये गये निर्देशों के पश्चात कलेक्टर बालागुरू के ने एनआईसी कक्ष में बैठक कर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, डीएफओ अर्चना पटेल, संयुक्त कलेकटर वंदना राजपूत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर बालागुरू के ने बताया कि सरकार जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को सेवा पर्व के रूप में मनाया जाकर नागरिकों तक सेवाओं के सुगम प्रदाय की व्यवस्था करेगी। पर्व के दौरान सरकार सुशासन का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए शासकीय सेवाओं की रिस्पॉन्सिबल डिलेवरी सुनिश्चित करेगी। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा है कि इस अभियान में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक संगठन सभी अपनी भागीदारी करेंगे। उन्होंने संबधित अधिकारियों को जनसामान्य को भी इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस अभियान की थीम 'स्वच्छोत्सव' है। अभियान का केन्द्रीय विषय 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' है, इसलिए अभियान के दौरान रक्तदान शिविर लगाने सहित स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

# धर्मांतरण केस के आरोपी पर नपा का शिकंजा, जब्बार खान के घर चिपका अंतिम नोटिस



**सीहोर।** धर्मांतरण मामले में पुलिस कार्रवाई के बाद अब नगर पालिका एक्शन में है। नगर पालिका ने इस मामले के मुख्य आरोपी जब्बार खान के हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित घर पर अंतिम नोटिस चिपकाया है, जिसमें उन्हें तीन दिन के अंदर घर की निर्माण अनुमति दिखाने का अल्टीमेटम दिया गया है।

बता दें तीन सप्ताह पहले शहर के हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में धर्मांतरण का मामला सामने आया था। जिसमें जब्बार खान के घर कुछ लोग मौजूद मिले थे, इस दौरान मिशनरी ग्रंथ व बाइबिल आदि मिली थी। इस मामले में पुलिस ने फरियादी गोविंद मसुरे की शिकायत पर जब्बार खान और उनकी पत्नी ताहिरा खान के खिलाफ मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3/5 के तहत एफआई दर्ज की थी।

**नपा भी एक्शन में :** धर्मांतरण के इस मामले में पुलिस के बाद नगर पालिका प्रशासन भी लगातार एक्शन में है। घटना के बाद नपा ने नोटिस दिया था, जिसमें 24 घंटे के भीतर घर की अनुमति दिखाने का नोटिस चिपकाया था। पड़ताल करने पर नपा ने हाउसिंग बोर्ड के इस भवन में नियमों की अवहेलना भी पाई थी। जिसके बाद नपा ने 15 दिन का समय दिया था। इधर अब नपा ने फिर से अंतिम नोटिस दिया है, जिसमें जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है।

# ई-इंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रार चाचा भोपाल मीटिंग में, भतीजा दफ्तर में बैठकर कर रहा सरकारी काम



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट परिसर के ई-पंजीयन कार्यालय से चौंकाने वाला मामला सामने आया है।

यहां पदस्थ अधिकारी प्रेम नंदन भोपाल में मीटिंग अटेंड कर रहे थे, लेकिन उनकी जगह उनके भतीजे रवि ने सीहोर कार्यालय में बैठकर पूरा सरकारी काम करता नजर आया।

जानकारी के अनुसार अधिकारी ने अपने भतीजे को न सिर्फ दफ्तर में बैठाया बल्कि उसे विभागीय आईडी और ओटीपी तक उपलब्ध कराए। इसी का उपयोग कर रवि सिस्टम खोलकर पंजीयन संबंधी कामकाज करता मिला। यह सीधे-सीधे सरकारी नियमों और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है।

**वीडियो हुआ वायरल, मचा हड़कंप :** इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो सामने आते ही लोगों में आक्रोश फैल गया है कि सरकारी सिस्टम का इस तरह खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं।

### भतीजे की सफाई से नए राज

मीडियाकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो भतीजे रवि ने खुद को प्रेम नंदन का रिश्तेदार बताया। उसने स्वीकार किया कि वह बीते 8–10 दिनों से यहां आकर काम कर रहा है। उसकी सफाई ने और भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

**कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए :** कलेक्टर बाला गुरु ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि इस गैरजिम्मेदाराना रवैये के खिलाफ प्रशासन कितना कठोर कदम उठाता है।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने बाइक रैली के बाद किया कलेक्ट्रेट में हल्लाबोल प्रदर्शन

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम दिया बीस सूत्रीय मांगों का कलेक्टर को ज्ञापन



**सीहोर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों ने पहले कृषि उपज मंडी कार्यालय में बैठक की जिस के बाद शहर में बाइक रैली निकाली और कलेक्ट्रेट में हल्लाबोल प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिलाध्यक्ष कचरू परमार के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को बीस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया। ज्ञापन का वाचक प्रांतिय उपाध्यक्ष विक्रम सिंह पटेल के द्वारा किया गया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने जोरदार नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट में बैठकर धरना देकर आक्रोश भी प्रकट किया।

प्रधानमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में किसानों को स्वामीनाथन आयोग की रिपोंट के अनुसार आधार पर कृषि उपज उपज का मूल्य दिया जाने, देश के 22 उद्योगपतियों के 15 लाख 41 हजार करोड़ रूपये की कर्ज माफी की तर्ज पर देश के अन्नदाताओं का संपूर्ण रूप से ऋण मुक्त किया जाने,सुअर पालन, मछली पालन, बकरी पालन मुर्गी पालन की तरह गौ पालन एवं पशु पालन पर भी सब्सिडी जाने,ऋण सीमा का नवीनीकरण करके कृषि ऋण लिमिट प्रति एकड़ 3 लाख रूपये करते हुए 0 प्रतिशन व्याज पर बंधक मुक्त ऋण दिया जाने,। कृषि उपज की सरकारी खरीदी विना मापदण्ड से किया जाने, गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाने,रासायनिक खाद, यूरिया, डीएपी, एनपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई है। मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के द्वारा ऋण माफी योजना में छूटे हुए किसानों को ऋण मुक्ति कि जाने,मुख्य मंत्री की योषणा अनुसार प्रतित्येक खातेदार किसान की ऋण सीमा 5 लाख रूपये करने और 0 प्रतिशत ब्याज दर पर लोन उपालब्ध कराने, मुख्य मंत्री ट्रांसफामर/7र योजना अनुदान पुनः चालू करने, प्रदेश के किसानों के सिंचाई के लिए 16 घंटे विजली प्रदान करने और 440 बोल्ट करंट विद्युत पम्प तक पहुंचाया जाने, लाड़ली बहना योजना में छुटी हुई बहनों को योजना का लाभ दिया जाने,मुख्य मंत्री लाड़ली गौ योजना प्रारंभ करने गौमाता को संरक्षण देने,गौ हत्या पर रोक लगाने आदि की मांग की है। प्रदर्शन में बाबूलाल पाटीदार, बलराम मुकाती, गौपाल पाटीदार, रविदत्त सिंह, घरनसिंह भै सा नि या , क न है या ला ल इटावदिया,मांगीलाल मास्टर, देवकरण परमार मांगीलाल पटेल,यशवंतसिंह,राजमल परमार, बाबूलाल पटेल,देवकरण मेवाड़ा, नारायणसिंह ठाकुर, कैलाश ठाकुर, अरविन्द ठाकुर, कैलाश वर्मा, लक्ष्मीनारायण,शिवनारायण वमा्र्, नाथूलाल वर्मा, हमीर पटेल, सूरजसिंह वर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।

## आउटसोर्स कर्मचारियों को पांच माह से नहीं मिली सैलरी

# आउटसोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटर के हड़ताल पर जाने से अटक जाएंगे विभाग के ऑनलाइन काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ऑनलाइन से संबंधित शिक्षा विभाग के सारे काम रूकने वाले हैं क्योंकी आउटसोर्स डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर जाने वाले हैं। हाईस्कूल हायरसैकड्री स्कूलों के आउटसोर्स डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटर को बीते पांच माह से सैलरी नहीं मिली है। खास बात यह है की बजट जारी होने के बावजूद शिक्षा विभाग डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटरों सैलरी नही दे रहा है क्योंकी शिक्षा विभाग ने डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटर की सैलरी बजट को अन्य स्थानों पर खर्च कर दिया है।

आउटसोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सतीष हरियाले के नेतृत्व में मंगलवार को बड़ी संख्या में जिले भर में कार्यरत डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटर कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर बालागुरू को परेशानियों से अवगत कराया और समस्या का निराकरण नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के फैसले को भी बताया।



डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटरों ने बताया कि शिक्षा विभाग के शासकीय उन्नयन शाला हाई स्कूल एवं हायर सैकण्ड्री स्कूल में आउटसोर्स अंतर्गत हमें रखा गया है। माह अप्रैल 2025 से अबतक वेतन का भुगतान विभाग ने नहीं किया है। जबकि लोक शिक्षण संचानालय भोपाल का संदर्भित पर कमांक 02के द्वारा माह मार्च अप्रैल मई एवं माह जून जुलाई अगस्त माह के वेतन भुगतान की राशि जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ट्रेजरी में कर दिया गया है। सैलरी आवंटन राशि मिलने के बाद भी डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटरों को भुगतान नहीं किया गया है। यही नहीं लोक शिक्षण संचानालय भोपाल के पत्र कमांक /229/ भोपाल 24 मई 2023 को 5 तरीके को भुगतान करने के आदेशित किया है लेकिन शिक्षा विभाग लोक शिक्षण संचानालय के आदेशों को भी नहीं मान रहा है।

बीते पांच माह से सैलरी नहीं मिलने के कारण डांटा एन्ट्री ऑपरेटरों की पारिवारिक आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब हो गई है। ज्ञापन देने वालों में डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटर सतीश हरियाले,अरविन्द वीर,विनोद पटेल,सुनिल साहू ठाकुर,अभिषेक साहू,पवन साहू, बलराम वर्मा, विजय सिंह, लोकेंद्र पवार, हरि नारायण कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाह,विकास लावेरी, सचिन धावरे, ब्रजेश पंवार, शुभम पैठारी, अमित कीर, देवेन्द्र कुमार, बलराम कुशवाह अरुण धनबारे, सुरेश, धर्मेंद्र गौर, सुनील ठकुर आदि शामिल रहे।

**खबर संक्षेप**

## नेशनल लोक अदालत 13 को आयोजित होगी

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सम्बंध में गत दिवस न्यायाधीशगण, अधिवक्ताओं, अभियोजन अधिकारीगण, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल की बैठक आयोजित कर निर्देश दिये गये। प्रधान जिला न्यायाधीश ने आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने का आह्वान किया और प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण का विकल्प अपनाना चाहिए एवं पक्षकारों को लाभान्वित करना चाहिए। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल ने गत दिवस उपभोक्ता आयोग के अंतर्गत आने वाले प्रकरणों में पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं से चर्चा कर अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के प्रयास करने के लिए कहा। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने नेशनल लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही नेशनल लोक अदालत की के सम्बंध में भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 20 को

**सीहोर।** राष्ट्रीय नव जागरण पार्टी जिला सीहोर के जिला अध्यक्ष कमलेश आर्य ने बताया कि आगामी दिनांक 20 सितम्बर 2025 को सीहोर मुख्यालय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पार्टी की रिति व निती के बारे में कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित लोगों को अवगत कराया जावेगा। साथ ही नगर की मूलभूत समस्याओं को लेकर भी चर्चा की जावेगी।

## 10 दिन की गई तप और त्याग की कठिन तपस्या



**सीहोर।** इस वर्ष पर्यूषण पर्व में त्याग और तपस्या की बेला में आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से दक्षिण सूर्य साक्षात संयम की मूर्ति परम पूज्य मुनि श्री 108 अक्षय सागर जी महाराज एवं ऐलक श्री 105 उपशम सागर जी महाराज के सानिध्य में बबीता जैन पति श्री संतोष कुमार जैन अष्टपगा परिवार के द्वारा 10 उपवास की तप की कठिन तपस्या की उनकी आत्म शुद्धि और संयम की भावना वास्तव में प्रेरणादायक है उनकी यह तपस्या न केवल उनके आत्म बल को बढ़ाएगी बल्कि हमें भी त्याग और तपस्या के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करेगी उनके इस प्रयास की सराहना करते हुए आशा करते है कि उनकी यह तपस्या उन्हें आगे भी धर्म के मार्ग को प्रशस्त करेगी ।

### भैरूंदा के सिविल अस्पताल में जहां डॉक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल, प्रशासन और व्यवस्थाओं से खिलवाड़

# अस्पताल में ही सुरक्षित नहीं डॉक्टर और स्टाफ, मरीजों के परिजन आए दिन करते हैं उनके साथ अभद्र व्यवहार

स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी इस मामले में कोई कठोर कार्रवाई नहीं करते हैं। जिसमें डॉक्टर व स्टॉप असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर के सिविल अस्पताल में डॉक्टर व स्टॉप ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए। बताया कि आए दिनों ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर व स्टॉप के साथ अभद्रता के मामले बढ़ रहे हैं। ईलाज कराने मरीजों के साथ परिजनों का डॉक्टर व स्टॉप के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी इस मामले में कोई कठोर कार्रवाई नहीं करते हैं। जिसमें डॉक्टर व स्टॉप असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

रविवार 7 सितंबर को ऐसा ही एक मामला सामने आया था। डॉक्टर राहुल दांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 सितंबर रविवार की रात करीबन 9 बजे एक सड़क दुर्घटना का मामला आया था। इस दौरान वह इमरजेंसी में ड्यूटी पर थे। मरीज़ को गोपालपुर थथाने की डायल 112 से सिविल अस्पताल लाया गया था। मरीज़ गंभीर रूप से घायल था। मरीज़ का नाम जीवन पिता रामनिवास जाट निवासी निम्नागव का होना बताया गया था। मरीज़ को तुंरत इलाज़ के लिए वार्ड में भर्ती कराया और इलाज़ शुरू किया गया। लेकिन मरीज के साथ आए परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया।

मरीज का उपचार के दौरान उनसे ओर वार्ड की महिला और स्टॉप से अभद्रता करने लगे। इस दौरान डॉक्टर व स्टॉप में डर का माहौल बन गया। मरीज का उपचार नहीं करने दिया गया। ओर तरह तरह के आरोप लगाए। ऑक्सीजन नहीं मिला, मरीज को उपचार नहीं मिला जैसे कई आरोप लगाते हुए हंगामा भी किया। तुंरत मरीज को रैफर करने का दवाब भी बनाया गया।



**भैरुंदा।** डॉक्टर राहुल दांगी सहित स्टॉप एक दूसरे से चर्चा करते हुए



**भैरुंदा।** सीबीएमओ मनीष सारस्वत डॉक्टरों से बात करते हुए

### डॉक्टर का पहला कर्तव्य मरीज़ को प्राथमिक उपचार देना, न की अपने कर्तव्यों से पीछे हटना होता है

डॉक्टर राहुल दांगी ने कहा एक डॉक्टर का पहला कर्तव्य मरीज़ को प्राथमिक उपचार देना है , न की अपने कर्तव्यों से पीछे हटना है। मंगलवार को डॉक्टर राहुल दांगी ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि रविवार 7 सितंबर को उनके साथ हुई अभद्रता से असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वहीं उनके साथ अन्य डॉक्टर भी मौजूद थे उन्हें भी डर है इसी घटना उनके साथ न घटित हो। इस घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी गई। लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है, ये सब आपके साथ ही क्यों होता है, अन्य डॉक्टरों के साथ नहीं है। इससे ऐसा लगता है कि हमारी सुरक्षा हमको ही करना है। इसका उद्देश्य विरोध करना नहीं है, किसी दिन बड़ी घटना न घटित हो सुरक्षा व्यवस्था के लिए यह कदम उठाएं गए हैं। हालांकि थाने में इस मामले के सम्बन्ध में थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया गया है।

**अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस चौकी बनाई जाए डॉक्टरों की सुरक्षा व्यवस्था हो सके इंतजाम :** इस दौरान डॉक्टर व स्टॉप के द्वारा मांग की गई है कि सिविल अस्पताल में डॉक्टर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक पुलिस चौकी बनाई जाए और पुलिस बल की तैनाती की जाए। वहीं अस्पताल परिसर में सुरक्षा के दृष्टि को देखते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। जिससे साफ हो सके कि कैसे डॉक्टरों और स्टॉप के साथ आए दिन अभद्रता की घटना घटित हो रही है। या किसी दिन कोई बड़ी घटना दुर्घटना नहीं हो सके।

### जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी

रविवार की रात को एक्सीडेंट का मामला आया था। इस दौरान डॉक्टर के साथ मरीज के साथ आए परिजनों ने अभद्रता का मामला संज्ञान में आया है। उस समय में छुट्टी पर था , इस संबंध में थाने में आवेदन दिया गया है। आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जाएगी।

**मनीष सारस्वत,** सिविल अस्पताल सीबीएमओ भैरुंदा

### पुलिस चौकी बनाने का दिया है आवेदन

डाक्टर और स्टॉप साथ अभद्रता का मामला संज्ञान में आया है, सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैनाती करने ओर पुलिस चौकी बनाने के विषय में आवेदन दिया गया है। पुलिस प्रशासन डॉक्टरों की बैठक बुलाकर निराकरण किया जाएगा।

**सुधीर कुशवाह,** एसडीएम भैरुंदा जिला सीहोर

## पितृपक्ष पर नर्मदा तट पर उमड़े श्रद्धालुः बुधनी के घाट पर सुबह से ही पितरों को जल अर्पण-तर्पण और पिंडदान का क्रम जारी

**बुधनी।** जिले के बुधनी स्थित ऐतिहासिक नर्मदा घाट पर पितृपक्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। सुबह से ही लोग नर्मदा तट पर पहुंचकर अपने पितरों के लिए जल अर्पण और तर्पण कर रहे हैं।



भाद्रपद मास की पूर्णिमा के बाद शुरू हुए 16 दिन के पितृपक्ष में तर्पण और श्राद्ध का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस समय पूर्वज धरती पर आते हैं और अपने वंशजों से तर्पण की उम्मीद रखते हैं।

**नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी :** श्रद्धालु बताते हैं कि यह सिर्फ धार्मिक कर्तव्य नहीं बल्कि पूर्वजों को याद करने का एक पवित्र अवसर भी है। घाटों पर भावुक दृश्य देखने को मिल रहे हैं, जहां पुत्र अपने पिता और पौत्र अपने दादा-दादी को याद कर नम आंखों से अर्पण कर रहे हैं। धार्मिक विद्वानों का कहना है कि पितृपक्ष में नर्मदा स्नान और तर्पण का महत्व तीर्थयात्रा के बराबर है। इस दौरान बुधनी का नर्मदा घाट आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। लोगों का विश्वास है कि यहां पिंडदान और तर्पण करने से पितरों का आशीर्वाद मिलता है और घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

## 5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मक्षेविविकं के घरेलू फीडर से कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं। कंपनी ने बताया कि इसके लिए ग्रामीणजन नवीन कनेक्शन के लिए आवेदन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं।

## धुंधकारी अपने दुराचार और पापाचार के कारण सदैव ही प्रेत योनि में भटकाः पंडित शिवम मिश्रा



**सीहोर।** पितृपक्ष के दौरान धुंधकारी और गोकर्ण की कथा सुनाने का महत्व यह है कि यह कथा कर्मों के परिणामों और भागवत कथा के महत्व को बताती है। धुंधकारी अपने दुराचार और पापाचार के कारण प्रेत योनि में भटका, लेकिन उसके भाई गोकर्ण ने श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कर, श्रवण और मनन के माध्यम से उसे मुक्ति दिलाई। यह कथा बताती है कि धर्म और अधर्म के फल क्या होते हैं और कैसे भक्ति और सत्संग से पापी भी मोक्ष पा सकते हैं, भले ही उन्होंने कितना भी पाप किया हो। मरने के बाद मुक्ति होगी या नहीं होगी, यह मैं नहीं जानता क्योंकि श्रीमद् भागवत की कथा में बताया गया है कि धुंधकारी जब मरा, तो धुंधकारी का भाई गोकर्ण ने गया में जाकर अनेक बार उसका श्राद्ध किया, फिर भी उसको मुक्ति नहीं मिली। यह बात शहर के संकल्प वृद्धाश्रम में पितृपक्ष के अवसर पर जारी 16 दिवसीय धर्मसभा में कथा वाचक पंडित शिवम मिश्रा ने कहे। उन्होंने कहाकि आपके जीवन में सत्य और सत्संग आ जाता है तो आप मायाजाल से मुक्त हो जाते है। इस मौके पर कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा का श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के चीफ कांउसलर जितेन्द्र तिवारी, संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आनंद व्यास, आकाश राय, धर्मेश शर्मा आदि ने स्वागत किया।

पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि अच्छी और बुरी सबसे में होती है। भगवान श्रीराम की तरह मर्यादित जीवन जीने में सालों लग जाते है, लेकिन रावण बनने में हमें कुछ पल लगते है, इसलिए हमारे विचारों को सात्विक बनाने का प्रयास करना चाहिए। धुंधकारी जब जीवित था, तो उसके कर्म ही प्रेतों वाले थे. वह वासनाओं में डूबा हुआ, कामनाओं में डूबा हुआ, पिता को लात मारने वाला और मां को आत्महत्या पर मजबूर कर देने वाला था, पंच तन मात्राएं शब्द, रूप, रस, गंध इत्यादि में वेश्याओं की भांति पड़े रहने वाला था. इस वजह से कोई अनुष्ठान और कर्मकांड उसको मुक्ति नहीं दिला सका।

## मांगे पूरी नहीं होने पर मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारियों की कलम बंद हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी

**सीहोर।** मध्य प्रदेश सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं बार-बार हड़ताल और ज्ञापन के बाद भी उनकी मांगे पूरी नहीं हो रही है सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 8 सितंबर से 24 सितंबर तक पूरे प्रदेश के सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है सीहोर जिले के समस्त सहकारिता समिति के प्रबंधक एवं कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हुए हैं।



सीहोर में जिला सहकारिता बैंक के सामने कर्मचारियों की मांग ये है की 60 प्रतिशत कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन आज तक नहीं हुआ तत्काल चयन होना चाहिए। साथ ही अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 माह का जो 54 हजार है जो मात्र 18 जिलों को मिला है लेकिन अभी भी 34 जिलों में भुगतान नहीं किया गया है जिले के कर्मचारियों को तत्काल मिलना चाहिए साथ ही सहकारिता कर्मचारियों ने अपनी मांग रखी कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी हम कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे ओर मुख्यमंत्री आवास या विंध्याचल भवन का घेराव करेंगे क्योंकि बार-बार अधिकारियों के द्वारा केवल हमें आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है कर्मचारियों की हड़ताल से किसानों को आ सकती है बड़ी समस्याएं।

## वार्ड क्रं. 11 में विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** अ.जा.ज.पि.अल्प संख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक ने अ.जा.बाहुल्य वार्ड क्रं. 11 सीहोर में स्थित डॉ. अम्बेडकर पार्क की मरम्मत एवं वार्ड क्रं. 11 में रविदास मंदिर के सामने विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा जाटव समाज के जर्जर भवन को तोडक़र सामूदायिक भवन निर्माण के साथ खटीक मोहल्ले के सामने सामूदायिक भवन एवं रामदुलारे सोनकर के घर के सामने पुलिया व रोड निर्माण की मांग की गई। श्री खंगराले ने यह भी बताया कि डॉ. अम्बेडकर पार्क में कई दिनों से नपा द्वारा अपेक्षा की जा रही है। जबकि शहर के अनेकों पार्कों में करोड़ों रूपये के निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। वार्ड क्रं. 11 दलित बाहुल्य वार्ड होने के कारण प्रशासन द्वारा उक्त वार्ड में कोई ध्यान नही दिया जा रहा है और नाह ही वार्ड में साफ-सफाई हो रही है। भाजपा के निष्क्रिय वार्ड पार्षद लोकेन्द्र चौहान द्वारा वार्ड में कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसके कारण वार्ड वासियों में काफी निराशा एवं आक्रोष व्याप्त है। यदि इसी प्रकार दलितों की अपेक्षा की गई तो डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल किया जावेगा।

### पीएमश्री एमएलबी स्कूल में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम किया गया आयोजित

# निःशुल्क साइकिल वितरण योजना से बेटियों की शिक्षा को मिल रही नई गति : विधायक सुदेश राय







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर स्थित पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सभी पात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में विकास और कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में निशुल्क साइकिल वितरण योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत साइकिल मिल जाने से छात्राओं को स्कूल आने और जाने में आसानी हो गई है और उन्हें अब स्कूल आने-जाने के लिए किसी पर निर्भर नही रहना पड़ेगा। यह योजना हमारे गांव की बेटियों के सपनों को पूरा करने में मददगार तो साबित हो ही रही है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाने और देश को विकास की राह पर ले जाने में भी सहायक बन रही है। जब हमारे गांव की बेटियां अच्छी शिक्षा प्राप्त करेंगी तो निश्चित ही देश भी तरक्की करेगा। उन्होंने छात्राओं को नई साइकिल मिलने पर उन्हें बधाई भी दीं। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को तंबाकू मुक्त संस्थान का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, सुदीप प्रजापति, प्राचार्य रुपश्री नागेश सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्कूल का शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## तिलक पार्क दशहरा उत्सव समिति का गठन, अमन सोनवाने बने कार्यक्रम अध्यक्ष



**सीहोर।** भगवान श्रीराम चंद्रजी के राजतिलक की प्राचीन परंपरा को आगे बढ़ाते हुए असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व को लेकर तिलक पार्क दशहरा उत्सव समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमे समिति के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय एवं अमन सोनवाने को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष एवं समिति के संयोजक सुदीप प्रजापति की विशेष उपस्थिति में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता छुट्टल चावरिया द्वारा की गई एवं संचालन अनूप चौधरी द्वारा किया गया। बैठक में प्रदीप यादव को सचिव, प्रशांत कसौलिया और रोहित बोयत को उपाध्यक्ष, शुभम शाक्य चल समारोह प्रभारी, मोहित चावरिया व्यवस्थापक, अक्षय भारती कोषाध्यक्ष, प्रकाश ठाकुर मीडिया प्रभारी, हनी शाक्य महामंत्री, राहुल मालवीय मंत्री, छोटु राय सहायक मंत्री एवं गोलू बोयत, दीपक भारती, सुदेश कुशवाह, दीपक बोयत(चीचू), प्रिन्स धुर्वे को संगठन सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर अमन सोनवाने ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी असत्य पर सत्य की जीत का दशहरा पर्व भव्यता और रंगारंग आतिशबाजी के साथ मनाया जाएगा। जिसमे सीहोर के सबसे बड़े विशालकाय 71 फ़ीट के रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। बैठक में उपेंद्र सोनवाने, विनोद चावरिया, महेश सेन, सोनू बाली, हेमंत चावरिया, गौतम शाक्य, हुकुम भारती, भूपेंद्र शाक्य, सोनू शाक्य, मोहन भारती, कमलेश यादव, शुभम चावरिया, अभी सोनवाने ध्रुव गोहर आदि शामिल हुए।

### लिपिकों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी करना है निर्देशों का पालन

# स्कूलों में ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करने प्रशासन ने जारी किए विस्तृत निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के समस्त सरकारी स्कूलों में शिक्षकों सहित अन्य लोकसेवकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने जिला प्रशासन ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के तहत हमारे शिक्षक एप पर न केवल शिक्षकों बल्कि शालाओं के समस्त लोकसेवकों शिक्षक, लिपिक वर्ग, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व अन्य को भी अपनी ई-उपस्थिति दर्ज करवानी है।

जिला शिक्षा अधिकारी कारण सिंह भिलाला ने बताया कि समस्त लोकसेवकों की उपस्थिति हमारे शिक्षक एप के माध्यम से नियमित रूप से लगाई जाए। इसके साथ ही एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर बनाये गये संकुल केन्द्र में प्रदर्शित शालाओ की जानकारी का आदान-प्रदान नवीन बनाये गये संकुलों से ही की जाए। वेतन व्यवस्था पूर्वानुसार ही रहेगी। ऐसे लोकसेवक जिनको बीएसी/जनशिक्षक का प्रभार दिया गया है, वे




संबंधित विकासखंड/जनशिक्षा केन्द्र पर उक्तएप के माध्यम से नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज करेगे।

#### जहां ड्यूटीरत हों, वहीं से लगाएं ई-अटेंडेंस

जारी निर्देशों के तहत ऐसे लोकसेवक जो एमएड/बीएड करने हेतु अन्यत्र संस्था में गये है, वे उसी संस्था से हमारे शिक्षक एप पर उपस्थिति दर्ज करेगें। लोकसेवको के अवकाश, प्रसूति अवकाश, मेडिकल अवकाश पर होने की स्थिति में अवकाश संबंधी जानकारी भी एप में दर्ज की जाएगी। डीईओ ने बताया कि लोकसेवकों के प्रशिक्षण, शालाओं के कार्य से अन्यत्र जाने की स्थिति में हमारे शिक्षक एप पर जानकारी दर्ज की जाएगी। समस्त शाला प्रभारी/ प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित करेगे कि अधीनस्थ प्रत्येक लोकसेवक नियमित रूप से हमारे शिक्षक एप पर उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं।

#### संकुल प्राचार्य नियमित रूप से प्राप्त करेंगे रिपोर्ट

संकुल प्राचार्यें को संकुल का आईडी एवं पासवर्ड दिया गया है। ऐसे में संकुल प्राचार्य नियमित रूप से हमारे एप पर लगाई जा रही उपस्थिति की रिपोर्ट प्राप्त करेंगे। ऐसे लोकसेवक जिनके द्वारा हमारे शिक्षक एप पर उपस्थिति लगाने में समस्या आ रही है, उनका समाधान करेंगे। तदुउपरांत भी उपस्थिति नहीं लगाये जाने की दशा में कारण बताओ सूचना पत्र जारी करेगे। नोटिस का जवाब प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करेगे। संकुल प्राचार्य सुनिश्चित करेगे कि एज्युकेशन पोर्टल 3.0 पर प्रदर्शित समस्त शालाओ में पदस्थ लोकसेवक प्रदर्शित हो रहे हैं। यदि कोई लोकसेवक प्रदर्शित नही हो रहा हो तो इसकी सूचना जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय मे उपलब्ध करवाकर जानकारी दर्ज करेगे।

### अपनी मांगों को लेकर पहुंचे कर्मचारियों ने सुनाई व्यथा

# लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ ने सौंपा कलेक्टर के नाम अनुरोध पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हमारे शिक्षक एपलीकेशन पर शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस लगाए जाने की अनिवार्यता के दायरे में लिपिकों, भृत्य व अन्य लोकसेवकों को भी लाने के निर्देशों का लिपिकवर्गीय कर्मचारी संघटन ने विरोध जारी किया है। इस संबंध में संघ के बैनरतले कईं लिपिक व कर्मचारी जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां कलेक्टर के नाम अपनी मांगों से संबंधित एक अनुरोध पत्र सौंपा गया।

पत्र में उल्लेख है कि शासन द्वारा ई-अटेंडेंस केवल शिक्षकों एवं स्थान प्रमुखों(हेडमास्टर/प्राचार्यों) के लिए ही अनिवार्य की गई है। जहां तक शिक्षा विभाग के लिपिकीय, क्लेरिकल स्टाफ का संबंध है, तो उस बारे में शासन स्तर से अभी तक कोई स्पष्ट एवं लिखित आदेश प्राप्त नहीं हुए हैं। ऐसी स्थिति में यदि स्थानीय स्तर पर लिपिकों हेतु ई-अटेंडेंस अनिवार्य की जाती है तो



यह शासन के आदेश के अभाव में केवल जिला स्तरीय निर्णय प्रतीत हो रहा है। लिपिक संघ पदाधिकारियों के अनुसार वे ई-अटेंडेंस व्यवस्था का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं पर पहले शासन से उसके आदेश जारी होने चाहिए।

**लिखित निर्देशों के बिना न करें कोई कार्यवाही:** लिपिक संघ द्वारा सौंपे गए उक्त ज्ञापन में उल्लेख है कि जब तक शासन से स्पष्ट लिखित निर्देश प्राप्त नहीं होते तब तक किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही उन पर न की जाए। इस अवसर पर लिपिकवर्गीय कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष जीतेंद्र श्रीवास्तव, राजेश विजयवर्गीय, प्रदीप चौहान, यशपाल हाड़ा, राकेश कुशवाह, प्रभुलाल मालवीय, सुरेश शर्मा, मुनव्वर खान, रमेश शर्मा, शमीम खान, श्रीमती शीला जावा, कौशल्या सोनी, रितेश सक्सेना, रजनीश भट्ट, योगेंद्र सिंह खिंची, अशोक बमोरिया, सिद्धनाथ चौहान, रमेश मालवीय, देवेंद्र जाधव, गिरिराज पिपलोटिया, जीतेंद्र वर्मा, रोहित शाक्यवार, राजेंद्र जोशी, प्रदीप शर्मा, वीरेंद्र सक्सेना सहित अन्य उपस्थित थे।

# मंत्री नारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में भाजपा की जिला बैठक आयोजित

### जनहितकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा की गई तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर तक देशभर में चलने वाले "सेवा पखवाड़ा 2025" के आयोजन को लेकर भाजपा की जिला स्तरीय बैठक ब्यावरा में सम्पन्न हुई।

इस बैठक में प्रदेश सरकार के मंत्री एवं स्थानीय विधायक नारायण सिंह पंवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इसमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन एवं कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी, प्रभुत्व संवाद जैसे कार्यक्रम शामिल रहेंगे। साथ ही 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत व्यापक जनजागरण किया जाएगा।

मंत्री नारायण सिंह पंवार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि "सेवा पखवाड़ा मात्र एक आयोजन नहीं, बल्कि समाजसेवा और जनहित का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले दशक में विश्व स्तर पर एक नई पहचान बनाई है। डबल इंजन की सरकार ने विकास की गंगा गांव-गांव तक पहुँचाने का कार्य किया है। आज गरीबों के घर तक पक्की सड़क, शुद्ध पेयजल, बिजली, आवास और स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना प्रधानमंत्री की संवेदनशीलता और दूरदर्शिता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि "वर्तमान वैश्विक परिस्थिति में प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। देश ने कोविड जैसी महामारी से लेकर 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण तक हर चुनौती में उनका मार्गदर्शन देखा है। उनके नेतृत्व में हमारा देश हर दिन नई उच्चाइयों को छू रहा है। सोशल मीडिया जैसे आधुनिक माध्यमों का भी हमें अधिकतम उपयोग करना चाहिए, ताकि प्रधानमंत्री के विचार और उपलब्धियाँ समाज के हर वर्ग तक सरलता से पहुँच सकें। मंत्री पंवार ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा को जन-आंदोलन के रूप में मनाएँ और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। "प्रधानमंत्री का जीवन स्वयं सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रेरक उदाहरण है, इसे हमें अपने जीवन में उतारना होगा।

# युवक को वाहन चालक ने टक्कर मारी

### 25 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर ही हुई मौत



**जीरापुर।** नगर के समीपस्थ ग्राम कुन्डीखेडा निवासी एक युवक को वाहन चालक ने टक्कर मारी जिससे 25 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर दुखद मौत हो गई पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार कुण्डीखेड़ा निवासी 25 वर्षीय शिव प्रसाद पिता मांगीलाल दांगी मोटर साइकिल से जीरापुर आ रहा था।मध्य रास्ते मे ब्राह्मणखेड़ा के समीप इंडेन गैस के पी कब वाहन ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से टक्कर मार दी, जिससे युवक घटनास्थल पर ही मौत का ग्रास बन गया। मृतक शिवप्रसाद दांगी के माता नहीं ळे तथा स्वयं के एक अबोध तीन चार वर्ष का बालक है इस हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए जहां 112 डायल चालक और पुलिस को सूचित किया। तत्काल युवक को सिविल अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा। इस दुखद हादसे की जानकारी गांव में लगी गांव में शोक की लहर छा गई।

### युवक की छेड़खानी से परेशान किशोरी ने फांसी लगाई, पढ़ाई भी बीच में छोड़ दी थी

**विदिशा।** शनिवार रात रायपुरा में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी, लेकिन घंटों तक कोई भी पुलिस का अधिकारी नहीं पहुंचा। रात में पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। परिजनों के अनुसार किशोरी एक युवक की छेड़खानी से परेशान थी। इस वजह से उसकी पढ़ाई भी छूट गई थी। परिवार ने पुलिस में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे आरोपी के हौसले बढ़ते गए। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के आरोपों के बाद कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे

### सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह

# चौहान कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी बनकर रहेः मंत्री टेटवाल




**सारंगपुर।** स्थानीय मांगलिक परिसर में जल संसाधन विभाग शाजापुर के सहायक ग्रेड-2 सुरेश चौहान की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह एवं उनकी पुस्तक "मेरी जीवंदगी" के विमोचन का आयोजन उनके परिवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेश चैहान की माताजी श्रीमती भंवरी बाई चैहान एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल रहे। विशेष अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, सदस्य रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति भोपाल कमलेश सेन, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़,कवि एवं साहित्यकार त्रिलोकचंद फतेहपुरी, सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मीनारायण रुण्डवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश नगर सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान चैहान की भतीजी साक्षी चैहान ने उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे हमेशा "सादा जीवन, उच्च विचार" की सोच के साथ आगे बढ़े। वही जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्रीनागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि चैहान परिवार सदैव राष्ट्रहित की भावना से कार्यरत रहा है। मुख्य अतिथि डॉ. गौतम टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा - सुरेश चैहान और दिनेश चैहान मेरे बचपन के मित्र रहे हैं। मैंने 11वीं तक की पढ़ाई सुरेश चैहान के साथ ही की है। उनके पिताजी स्वर्गीय प्रभुलाल चैहान संघ के समर्पित कार्यकर्ता थे और उसी परंपरा का अनुसरण पूरा परिवार कर रहा है। पूरा परिवार एक छत के नीचे निवास एवं भोजन करता है, जो कुटुंब प्रबोधन का सर्वोत्तम उदाहरण है। सुरेश चैहान ने सदैव ईमानदारी व निष्ठा से कार्य किया, इसलिए वे कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। राज्य मंत्री ने कहा कि कालिदास साहित्य अकादमी उज्जैन में उनकी सेवाएं ली जाएंगी। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि चैहान ने पूरे सेवा काल में शासकीय कार्य के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के सचिव रहे और स्वतंत्र लेखक के रूप में भी उनकी पहचान है। कार्यक्रम में उनकी पुस्तक मेरी जीवंदगी का विमोचन हुआ। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सिंदूर के पौधे का पौधारोपण भी किया गया।

### खेत में महिला को करंट लगा, बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत

**विदिशा।** शनिवार को दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की जान चली गई। उदयगिरि में एक महिला की करंट लगने से मौत हुई। वहीं बूढ़ी बागरोद में एक युवक की सड़क हादसे के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। उदयगिरि में 56 वर्षीय पार्वतीबाई कुशवाहा खेत पर थीं। वह मवेशियों को झटका देने वाली हल्के करंट की मशीन के संपर्क में आ गईं। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पार्वतीबाई अपने पति के साथ उदयगिरि में खेत

# नगरीय प्रशासन की टीम ने जांची विभिन्न सड़कों की गुणवत्ता

### रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को करेंगे प्रस्तुत



**राजगढ़।** जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में बनाई गई सड़कों सहित अन्य कार्यों की गुणवत्ता पर शुरू से सवाल उठ रहे हैं। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा न केवल राजगढ़ बल्कि सभी निकायों की सड़कों की क्वालिटी चेक करने राजधानी भोपाल स्तर से टीम भेजी जा रही हैं। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन से राजगढ़ पहुंची एक टीम ने सोमवार दोपहर नगर में निर्मित सीसी रोड सहित डामरीकृत सड़कों का मटेरियल निकालकर मशीनों के जरिए उनकी गुणवत्ता की जांच की। विभाग के क्वालिटी मेनेजर श्री शुक्ला के नेतृत्व में इस टीम ने खिलचीपुर नाके से पुराने बस स्टैंड तक बनाई गई डामरीकृत सड़क सहित अन्य सड़कों के मटेरियल के सैंपल निकाले। टीम ने चेक किया कि सड़क निर्माण में इस्तेमाल किया डामर, गिट्टी आदि उच्च क्वालिटी का है या नहीं। इसके साथ ही टेंडर की शर्तों के अनुसार सड़क बनाई गई है या नियमों को दरकिरार किया गया है। टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि वे अपनी जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों के सम्मुख प्रस्तुत करेंगे।

# सिकंदरी में आनंद ही आनंद छठे दिन रुक्मणी विवाह उत्सव संपन्न



**छापीहेड़ा।** समीपवर्ती ग्राम सिकंदरी में श्री राम जानकी मंदिर परिसर में चल रही श्री भागवत कथा के छठे दिन रविवार को भक्तिमय में वातावरण में भगवान श्री कृष्णा और माता रूकमणि का विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए और भक्ति रस में सरोबोर हो गए रविवार शाम से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी रात्रि समय कथा स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था जैसे ही रुक्मणी विवाह का प्रसंग आया पूरा पंडाल आनंद और उत्सव से गूंज उठा भगवान श्री कृष्ण की बारात परंपरागत ढंग से निकाली गई जो कालाजी मंदिर से होते हुए मंदिर तक पहुंची ढोल नगाड़ों की धुन और आतिशबाजी के बीच श्रद्धालु राधे कृष्णा और जय श्री कृष्ण के उद्घोष कर रहे थे जगह-जगह बारात का स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं ने पुष्य वर्षा कर आनंद को दोगुणा किया। मंदिर पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान से देर रात भगवान श्री कृष्णा और माता रुक्मणी का विवाह संपन्न हुआ इस पावन अवसर पर पंडित मुरलीधर व्यास ने विवाह प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया उन्होंने कहा कि रुक्मणी विवाह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि यहां जीवन में सच्चे प्रेम त्याग और मर्यादा का संदेश देता है।

# विधिक साक्षरता व जन चेतना हेतु वाहन रैली का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना अमिताभ मिश्र, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, एवं अध्यक्ष अधिवक्ता संघ गुना भूपनारायण सिंह सोलंकी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर दिनांक 13 सितम्बर, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल कियान्वयन हेतु आज शहर के प्रमुख मार्ग से वाहन रैली निकाली गयी। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पीजी कॉलेज, सोनाली लॉ कॉलेज की छात्र-छात्राये एवं वंदना कॉन्वेंट स्कूल की शिक्षक-शिक्षिका एवं बच्चों का बैंड उपस्थित रहा। छात्राओं के बैंड द्वारा लोक अदालत के प्रचार हेतु बैंड बजाकर पथ प्रदर्शन किया गया। उक्त वाहन रैली में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग आबकारी विभाग, खादय विभाग, समस्त बैंक, नगरपालिका, श्रम विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के द्वारा नेशनल लोक अदालत एवं स्वयं के विभाग में चलने वाली जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। वाहन रैली के दौरान शहर स्थित जयस्तंभ चौराहा पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा उद्बोधन देकर दिनांक 13 सितम्बर, 2025 को होने वाली नेशनल लोक अदालत के महत्व के बारे में बताया गया। लोक अदालत में कलेक्टर द्वारा राजस्व विभाग के आपसी सहमति से प्रकरणों के निराकरण कराये जाने जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा वाहन डायल 112 की जानकारी प्रदान की।



# किसी भी राष्ट्र के लिए साक्षरता उसकी उन्नति के लिए जरूरीः बीआरसी वर्मा

### अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राज्य शिक्षा केंद्र साक्षरता के नियंत्रक डॉ. राकेश शर्मा एवं जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के आदेशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस (8 सितंबर 2025) के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में बीएल वर्मा, बीआरसी सारंगपुर ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को साक्षरता शपथ दिलाई। इस दौरान संकुल अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले अक्षर साथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीआरसी बीएल वर्मा ने कहा कि साक्षरता कार्य एक नेक कार्य है। यदि हर साक्षर व्यक्ति ष्एच वन टीच वनष के तहत एक असाक्षर को पढ़ाए तो देश से निरक्षरता का कलंक मिट सकता है। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार 1 से 8 सितंबर तक नारा लेखन, रैली, साक्षरता शपथ, अक्षर साथियों का सम्मान और असाक्षर सर्वे जैसे आयोजन किए गए। वर्मा ने कहा कि सभी सामाजिक चेतना केंद्र प्रभारियों को अधिक से अधिक साक्षरों को परीक्षा में बैठाना चाहिए। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय, सुनील सेन, नरसिंह शर्मा, सविता लववंशी, पिंकी यादव, वैजयंती चौरसिया, रजनी व्यास, संगीता सोनी, मंजू भिलाला, सुधा शर्मा, सोमनाथ गौड़ सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जपं पर कमीशनबाजी और अस्पताल में मनमानी के नारे

# किसान संघ ने केंद्रीय कृषि मंत्री, सीएम के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारतीय किसान संघ के आह्वान पर तहसील इकाई सारंगपुर ने सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर कृषि उपज मंडी में सभा का आयोजन कर वाहन रैली निकाली जिसमें 50 से अधिक किसान टैक्टर पर सवार थे पूरे बाजार में रैली निकल कर। सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होरे को केंद्रीय कृषि मंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली के दौरान किसानों ने जनपद पंचायत में चल रहे कमीशन बाजी ओर अस्पताल में मनमानी आदि के आरोप भी लगाकर जमकर नारे बाजी की किसानों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि प्राकृतिक आपदाओं एवं असमय वर्षा के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों ने मुआवजा राशि दिलाने, खरीफ वर्ष 2023-24 की क्षतिपूर्ति, नहरों में पानी उपलब्ध कराने, फसलों के उचित दाम देने, फसल बीमा में सुधार करने, जंगली जानवरों से नुकसान की भरपाई, सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली, खादबीज की समय पर उपलब्धता जैसी कई मांगें रखी। इसके साथ ही ज्ञापन में किसानों ने आरबीसी 64 के तहत 36 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की राहत राशि दिलाने तथा कंपनियों द्वारा किसानों को बकाया भुगतान शीघ्र करवाने की भी मांग की। ज्ञापन देने वालों में मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, संभागीय कार्यकारी सदस्य समंदर सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष बद्रीलाल नागर देवनारायण नागर, कोषाध्यक्ष कालूराम दांगी आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### खजूरिया में तहसीलदार ने पौधारोपण किया



**जावर।** ग्राम खजूरिया जावर के श्मशान घाट पर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा द्वारा वट वृक्ष के पौधे रोपे गए। और ग्रामीणों एंव सरपंच सभी से अनुरोध किया कि वृक्षारोपण अवश्य करें और देखभाल भी करे इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक विक्रम सिंह खटीक, पटवारी राघवेंद्र विश्वकर्मा, सरपंच प्रतिनिधि आदेश विश्वकर्मा, रमेश बागवान सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### आज से जावर नगर में संगीतमय भागवत कथा

**जावर।** नगर जावर में संगीतमय पित्र भागवत कथा पंडित किशन शास्त्री जावर के श्री मुख से दिनांक 10 सितंबर से 16 सितम्बर तक समय दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक वार्ड क्रमांक 3 लंकापूरी जावर में मोती लाला जयसवाल के निज निवास पर समस्त भक्त आकर इसयोजन को सफल बनाए।

### मनुष्यों के पितृ दोष मिटाता है गीता का सातवां अध्यायः शुक्ला

**सीहोर।** गौमाता के बिना सतयुग, द्वापरयुग और कलयुग की कल्पना भी नहीं की जा सकती है,गौमाता ही सृष्टि की आधार हैं,गोमाता के बिना जीव को मोक्ष की प्राप्ति भी नहीं होती है,इस लिये प्रत्येक मनुष्य को गोसेवा करना चाहिये गौमाता की सेवा करने से ही भगवान को गोपाल कहा जाता है। उक्त उद्गार श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन के रूकिया धाम के पंडित आनंद मोहन शुक्ला द्वारा व्यक्त किये गए। कथावाचक शुक्ला ने गौमाता का महत्ता बताते हुये कहा कि गौमाता में 33 कोटि देवता विद्यमान है, जब मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु तक गौ और गीता से प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है बचपन में गोपाल गाय का अमृतमय दूध पीते हैं, फिन हम दही, माखन घी का उपयोग कर अपने शरीर को पुष्ट बनाते है। मौमाता के गोबर में माता लक्ष्मी का वास होता है,शास्त्रानुसार जिस घर में प्रतिदिन गोवर से लीप कर पूजा अर्चना की जाती है वह सभी देव निवास करते है।

### वार्ड 16 में नपा अध्यक्ष के पड़ोसी रहवासी ही परेशान, फिर किससे करें नागरिक उम्मीद...?

# जिस वार्ड में नपा अध्यक्ष रहती हैं, उसी के बुरे हाल, रहवासी बोले-जब यहां का विकास नहीं हो रहा तो शहर का कैसे होगा!



## वार्ड क्रमांक 16 की कहानी लोगों की जुबानी

### बजरंग कॉलोनी, रिलायंस कॉलोनी, चंदन नगर, मेवाड़ा कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी अन्य क्षेत्र के हालत खराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

2022 के बीते नगर पालिका चुनाव में तीन बार आष्टा नगरपालिका के अध्यक्ष रह चुके कांग्रेस के दिग्गज नेता कैलाश परमार की भतीजा बहू राखी परमार को वार्ड 16 की जनता ने दरकिनार करते हुए बीजेपी के रवि शर्मा को चुना था लेकिन तीन साल बीतने के बाद भी पार्षद रवि शर्मा अब तक जनता की कसौटी पर खरा नहीं उतर सके हैं और ऐसे में आज वार्ड वासियों की वर्षो पुरानी समस्याएं जस की तस बनी हुए हैं जिससे नागरिकों में पार्षद रवि शर्मा खिलाफ आक्रोश नजर आ रहा है।

### 28 साल से बीजेपी का गढ़, लेकिन विकास की रफ्तार अब भी धीमी

वार्ड 16 में 28 वर्षो से भाजपा का कब्जा रहा है आकड़ो पर नजर डाले तो जनसंख्या और वोटरों की संख्या के लिहाज से वार्ड 16 नगरपालिका का सबसे बड़ा वार्ड माना जाता है जहाँ 6 हजार से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं वही इस वार्ड में में 28 वर्षो से भाजपा का कब्जा जमा होने के



चलते इसे भाजपा का गढ़ माना जाता है यह बीते नगर पालिका चुनाव में भाजपा के रवि शर्मा ने आष्टा नगर पालिका के तीन बार अध्यक्ष रह चुके कैलाश परमार की भतीजा बहू राखी परमार को 2231 मतों के बड़े अंतर से परास्त किया था। आपको बता दें की दिग्गज कांग्रेस नेता कैलाश परमार की बहु राखी परमार को 1125 मत प्राप्त हुए थे तो भाजपा के रविन्द्र शर्मा को 3356 मत देकर विश्वास जताया था लेकिन वर्तमान परिस्थिति में रविंद्र शर्मा वार्ड वासियों की उम्मीद मुताबिक भरोसे पर खरा नहीं उतर पा रहे हैं और विकास कार्य में अब भी वार्ड पिछड़ा हुआ नजर आ रहा है जिससे वार्ड वासियों को सड़क, नाली और बारिश के पानी निकासी जैसी समस्याओं का सामना पिछले तीन वर्षों से कर रहे हैं वार्ड 16 के हालत ऐसे है की जिस कॉलोनी में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा का निवास स्थान है वह के पड़ोसी रहवासी ही मूलभूत समस्याओं से परेशान हो रहे हैं

### हरिभूमि वार्ड-स्कैन

हरिभूमि वार्ड -स्कैन

आंकड़ों के हिसाब से 6000 हजार मतदाताओं का सबसे बड़ा वार्ड नंबर 16 माना जाता है। जहां 28 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी का पार्षद बनने के बावजूद विकास की रफ्तार काफी धीमी है। रहवासी आज भी अपने वार्ड में सड़क, नाली, जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

### समस्याओं पर है ध्यान



नागरिकों की समस्याओं पर हमारा पूरा ध्यान है जहां भी समस्या सामने आती है उसका समाधान किया जा रहा है आपने जो चंदन नगर रोड और अध्यक्ष निवास पालीवाल मैदान की समस्या बताई है वह प्रस्तावित है।

**रविन्द्र शर्मा,** पार्षद वार्ड 16

## क्या बोले वार्ड नंबर 16 के स्थानिय रहवासी

### विकास से पिछड़ी कॉलोनी



हमारा घर शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष के घर के पास पालीवाल मैदान में ही हैं। लेकिन इसके बावजूद हमारी कालोनी विकास में पिछड़ी हुई है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं। बारिश का पानी इन गड्ढों में जमा हो जाता है।

**नीरज जैन,** स्थानिय निवासी


### भरा रहता है बारिश का पानी



हम चंदन नगर के वार्ड वासी लंबे समय से परेशान हैं। हमारे यह सालों पुरानी बनी सड़क अब बहुत नीचे हो गई है, गड्ढे भी पड़ गए हैं। जिसके कारण बारिश का पानी 2 से 3 फिट भरा रहता है। जिसमें नालियों का पानी भी जमा रहता है।

**जय प्रकाश,** स्थानिय निवासी

### 12 साल में ना रोड बनी न नाली



श्रीराम कॉलोनी में 12 वर्ष से निवास कर रहा हूं। यहां पर आज तक ना तो रोड बना ना नाली का निर्माण किया गया। नाही पीने के पानी कोई व्यवस्था है वही बिजली के लिए भी परेशान रहते हैं। हमारी समस्या का समाधान आज तक नहीं किया।

**दीपक विश्वकर्मा,** स्थानिय निवासी


### जनसुनवाई में भी दिया आवेदन



हम कॉलोनी के लोग बहुत परेशान है। कॉलोनी में इतने वर्ष हो गए हैं अब तक सड़क, नाली नहीं बनाई गई है। बारिश में कीचड़ होने से रोड पर काफी बार कई हादसे हो जाते हैं। हमने कलेक्टर से लगाकर सीएम साहब तक आवेदन दे चुके है।

**कृपाल सिंह मेवाडा,** स्थानिय निवासी

### पार्क की हालत भी खराब



वार्ड में एक मात्र पार्क बना था लेकिन वह भी देखरेख के अभाव में बदहाली का शिकार हो चुका है। यह पार्क की जालियां टूट रही है। अंदर की दीवारें टूट रही है। गंदगी पड़ी रहती है साफ सफाई भी पार्क की नियमित नहीं होती है।

**सौभाग्य सिंह,** स्थानिय रहवासी

### जिम्मेदारों की अनदेखी



वार्ड में जगह जगह गंदगी हो रही है। खाली प्लॉटों में बारिश का पानी जमा हो रहा है। वही हमारे मोहल्ले में भी सड़क नहीं बनने से बारिश और नाली का पानी जमा रहता है। सड़क बन जाय तो हमारी समस्या का समाधान हो सकता है।

**कृष्णापाल मेवाड़ा,** स्थानिय रहवासी

### छोटी छोटी समस्याओं से परेशान है वार्डवासी



वार्ड में रोड़, नाली, जल भराव, सीवरेज, सफाई, पानी की पाइप लाइन की गंभीर समस्याएं व्याप्त है। नगर पालिका अध्यक्ष, वार्ड पार्षद का वार्डवासियों की समस्याओं के निराकरण करने में कोई रुचि नहीं है। वार्डवासियों ने जिस उम्मीद से पार्षद को चुना था वे नागरिकों की उम्मीदों पर बिल्कुल खरे नहीं उतरे है, नपा अध्यक्ष अपने पति प्रतिनिधि के बल पर केवल दिखावटी अध्यक्ष बनी हुई है।

**राखी परमार,** कांग्रेस से वार्ड प्रत्याशी

# मदरसों के बजाए स्कूलों को तरजीह दें: मुफ्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



देश में मुसलमानों के पिछड़ेपन का सिर्फ ओर सिर्फ कारण तालीम (शिक्षा) से बेरुखी होना है। अब मौका आ गया है कि हम प्रोफेशनल तरीका अख्तियार करें और यह तरीका सिर्फ शिक्षा से ही हासिल होने वाला है। हमने मदरसे तो बहुत खोल दिए जिनमें से बच्चे हर साल हाफ़िज़, आलिम, मौलवी, मुफ्ती बनकर निकल रहे हैं पर सर्व शिक्षा से बच्चों को जोड़ने के लिए स्कूल खोलने में हमने कंजूसी दिखाई है। अब मदरसों के बजाए स्कूल खोले जाएं जहां आपके बच्चे पढ़ लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, आईपीएस, आईएएस बन सके। यह बात मदरसा दारुल उलूम हुसैनपुरा में जमीयत उलमा ए हिंद के प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद अहमद ने उलमा ए दीन को संबोधित करते हुए कही।

जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज पढ़ाने वाले हाफिज और धार्मिक मदरसों में तालीम देने वाले उलमा ए दीन को संबोधित करते हुए मुफ्ती ए आजम ने उनसे आव्हान किया कि वह सर्व शिक्षा की ओर अपना ध्यान लगाए मदरसों पर तो हमने बहुत मेहनत की है और उसके सकारात्मक परिणाम भी आए हैं लेकिन हमारे बच्चे सर्व शिक्षा से पिछड़े हुए हैं जिसका कारण समाज में दरिद्रता का बढ़ना भी है। अगर समाज को उन्नति के मार्ग पर ले जाना है तो बच्चों को अच्छी शिक्षा देना जरूरी है और अच्छी शिक्षा देने की व्यवस्था खुद करें। क्षेत्र में सर्व सुविधायुक्त अच्छे स्कूल खोले जाएं जहां बच्चों को कम फीस पर ओर हो सके तो उन्होंने निशुल्क शिक्षा दिलाई जाए। इस दौरान जमीयत उलेमा ए हिंद के जिला अध्यक्ष कारी आदिल कुरैशी ने उन्हें बताया कि हमारी कोशिश है कि आगामी शिक्षा सत्र एक स्कूल खोले जाने की प्लानिंग की है। इस स्कूल में लड़कियों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान जमीयत उलमा ए हिंद के प्रदेश उपाध्यक्ष मुफ्ती जिया उल्लाह कासमी ने भी संबोधन दिए। कार्यक्रम का संचालन जमीयत के जिलाध्यक्ष कारी आदिल कुरैशी ने किया।

### श्रीकृष्ण मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा का श्रीराम मंदिर पर हुआ समापन

# भागवत कथा के समापन पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर के श्री राम मंदिर मे पिछले सात दिनो से चल रही श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन मंदिर समिति द्वारा एक शोभायात्रा निकाली गई। जिसके पूर्व संत ब्रम्हदेवाचार्य जी महाराज ने श्रीराम मंदिर मे भक्तो के बीच भागवत कथा का रसपान किया। वही श्रीकृष्ण मंदिर मे चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के दौरान कथावाचक विकास शर्मा नागदा ने भी सात दिनो तक भागवत कथा का रसपान करवाया। श्रीराम मंदिर व श्रीकृष्ण मंदिर मे भागवत कथा के समापन पर भागवत पुराण की पूजा-अर्चना कर नागरिको ने संत श्री ब्रम्हदेवाचार्य जी व विकास शर्मा को भेंट स्वरुप राशि व वस्त्र धारण कराकर सम्मान किया गया। कथा के अन्तिम दिन बडी संख्या मे भक्त गणों ने कथामृत का रसपान किया औश्र आरती के पश्चात शोभायात्रा निकाली गई, जो श्रीराम मंदिर से बेण्ड-बाजो, ढोल-ढमाको व भजन किर्तन गोविन्द बोलो हरि गोपाल बोलो के जय घोष के साथ प्रारम्भ हुआ। श्रीराम मंदिर में विष्णुदास बैरागी एवं श्रीकृष्ण मंदिर में सोभालसिंह, नरबतसिंह पटेल ने बोली लगाकर भागवत जी को अपने मस्तक पर धारण करने का सौभाग्य प्राप्त किया। जुलूस पुनः श्रीकृष्ण मंदिर से प्रारम्भ होता हुआ माता चौक, महावीर मार्ग, गांधी चौक से होकर पुनः श्रीराम मंदिर पहुंचा जहां भागवत जी की महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। जुलूस का जगह-जगह कई समितियो व भक्तगणो ने भागवत जी की पुजा अर्चना कर कथावाचको का पुष्पाहरो से स्वागत किया।

# पर्यूषण पर्वाधिराज महापर्व की समाप्ति पर देव, शास्त्र, गुरु से सुशोभित श्रीजी की रथ यात्रा रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सोमवार को दोपहर में दिगंबर जैन समाज का परम्परागत एकम की श्रीजी की रथयात्रा तथा इसी दिन पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव पर मुस्लिम समाज का ईदमिलादुन्नबी का जुलूस भी निकलने को लेकर पुलिस प्रशासन असमंजस की स्थिति में था। इसे लेकर एक दिन पहले दोनों समाज प्रमुख की बैठक भी रखी थी। जिसे लेकर दोनों समाज ने पुलिस प्रशासन के समक्ष सामंजस से अपने-अपने जुलूस निकालने का भरोसा दिया था। यह भरोसा दोनों समुदाय ने कायम भी रखते हुए जुलूस तथा रथ यात्रा शांति पूर्ण तरीके से निकाली। हालांकि इसके बावजूद भी पुलिस व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा गया था। वहीं सीहोर से जैन समाज व मुस्लिम समाज के जुलूस की व्यवस्था को देखने अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत आष्टा पहुंचीं और सिकंदर बाजार स्थित पुलिस चौकी पर एसडीएम नितिन कुमार टाले के साथ नजर रखे हुए थीं। सोमवार को नगर में दोनों समाजों के जुलूस को लेकर काफी चहल पहल देखने को मिली। एक तरफ मुस्लिम समाज द्वारा पुराना बस स्टैंड पर पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव पर निकाले जाने वाले ईद मिलाद उन नबी के जुलूस की तैयारी में व्यस्त रहा तो वहीं जैन समाज पर्युषण पर्व के समापन पर एकम के जुलूस निकालने की तैयारी में जुटा रहा। इसे देखते हुए पुलिस व्यवस्था को काफी चौकस रखा गया था। वहीं एसडीओपी आकाश अमलकर, टीआई गिरीश दुबे, जावर थाना प्रभारी नीता देअरवाल, पार्वती थाना प्रभारी हरिसिंह परमार आदि दोनों समाज के जुलूस को व्यवस्थित रूप से निकलवाने के लिए अपनी टीम के साथ जुटे रहें। वहीं जुलूस मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा।

# ईद मिलादुन्नबी पर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




मुस्लिम समाज का पर्व हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस ईद मिलादुन्नबी के इस मौके पर नगर में पुराना बसस्टैंड स्थित अली चौक से जुलूस प्रारंभ हुआ। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग अपने पैगम्बर के जन्मदिन की खुशियां मनाने के लिए जुलूस में शामिल हुए। इस बार जुलूस में ऊंट, घोड़े, बग्घी के साथ बैंड बाजे व ढोल ताशे शामिल थें।जुलूस में अखाड़े के करतब बाज हैरत अंगेज करतब दिखाते हुए चल रहे थें। ऊंट के नृत्य बना आकर्षण का केंद्र- ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में ऊंट आकर्षण का केंद्र रहे। पूरे जुलूस में दो ऊंट नृत्य करते हुए चल रहे थे। जिन्हें देखने के लिए काफी भीड़ एकत्रित हुई। मिलादुन्नबी का जुलूस अध्यक्ष शेख आरिफ के नेतृत्व में निकाला गया। इन मार्गों से निकाला जुलूस- ईद मिलादुन्नबी का जुलूस नगर के अली चौक से प्रारंभ हुआ। जो पुराना सब्जी मंडी, कसाईपुरा, सिकंदर बाजार, गंज, बुधवारा, होता हुआ खत्री मार्केट से अली चौक पहुंचा। जहां परचम कुशाई की गई । जुलूस में प्रमुख रूप से अध्यक्ष शेख आरिफ, हाजी शेख मुबारिक उद्दीन, मिर्जा फारूक बैग, नपा उपाध्यक्ष प्रतीनिधि भूरू खां, पार्षद जाहिद गुड्डु आदि मौजूद थें। जुलूस में एसडीएम नितिन टाले के आदेश का पालन करते हुए सिविल अस्पताल के 100 मीटर के दायरे से बैंड व ताशे बंद कर दिए गए।